# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.10.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया की कंपनियों को भारत में निवेश के लिए आमंत्रित किया। कहा–भारत संरचनात्मक सुधारों की परिवर्तनकारी यात्रा पर अग्रसर।
- गृह मंत्रालय द्वारा विशेष अभियान फाइव पाइन्ट जीरो स्वच्छता अभियान का आयोजन।
- स्थानीय उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप में स्वयं सहायता समूहों को रोस्टर आधार पर दुकान आवंटित किए गए।
- एंजेल एलेटा मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाली द्वीपसमूह से भारत की पहली खिलाड़ी बनी।

<><><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश, विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र में संरचनात्मक सुधारों, की परिवर्तनकारी यात्रा पर है। उन्होंने कहा कि भारत अब चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। रक्षामंत्री ने आज सिडनी में भारत–ऑस्ट्रेलिया रक्षा उद्योग व्यापार गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नीतिगत उपायों और अनुपालन तंत्रों के सरलीकरण के माध्यम से रक्षा उत्पादन पारिस्थितिकी तंत्र को निरंतर उदार बनाया जा रहा है। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत अपनी जहाज निर्माण की मज़बूत क्षमताओं, विविध विनिर्माण आधार और निजी क्षेत्र के नवप्रवर्तकों तथा स्टार्ट–अप्स के बढ़ते पारिस्थितिकी तंत्र के साथ एक विश्वसनीय भागीदार बनने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री ने ऑस्ट्रेलियाई व्यापार समुदाय को भारत में निवेश, सहयोग और नवाचार के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया मिलकर अत्याधुनिक तकनीक विकसित कर सकते हैं और उन्नत प्लेटफ़ॉर्म बना सकते हैं।

<><><><><><><>

गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित विशेष अभियान फाइव पाइन्ट जीरो जो कार्यालयों में स्वच्छता को संस्थागत बनाने, फ़ाइलों और संदर्भों में लंबित मामलों को कम करने, रिकॉर्ड प्रबंधन को मज़बूत करने और स्क्रैप व ई–कचरे के वैज्ञानिक निपटान पर ज़ोर देता है। इसके अनुरूप, दक्षिण अंडमान ज़िले के उपायुक्त कार्यालय से जुड़े सभी कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा कार्यालय स्थलों, सार्वजनिक क्षेत्रों, स्टोर रूम और आसपास के क्षेत्रों की सफाई, स्क्रैप और अप्रचलित सामग्रियों को हटाने और परिसर के सौंदर्यीकरण में भाग लिया गया। मुख्य वेतन एवं लेखा कार्यालय के कर्मचारियों ने भी इस विशेष अभियान फाइव पाइन्ट जीरो के तहत स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी जो 22 सितंबर से शुरू हुआ है। यह पूरे देश में लाभकारी साबित हो रहा है। आज इस कड़ी में पेश है मध्य प्रदेश के उद्योगों पर जीएसटी सुधारों के प्रभाव पर एक रिपोर्ट–

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के बौद्धिक संपदा एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय ने ग्रामीण विकास विभाग के साथ मिलकर स्थानीय उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप में स्वयं सहायता समूहों को रोस्टर आधार पर एक दुकान आवंटित की है। एस एच जी स्थानीय स्तर पर निर्मित हस्तशिल्प और उत्पादों के साथ–साथ जलपान भी बेचेंगे, जिससे आजीविका के अवसरों में वृद्धि होगी। यह पहल समुदाय–संचालित आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है और आगंतुकों को स्वदेशी शिल्प और स्थायी ग्रामीण उद्यमों का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

<><><><><><><>

श्रीनगर में आयोजित तीसरी जूनियर एशियाई पेनकैक सिलाट चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह की खिलाड़ी एंजेल एलेटा ने 25 से 30 सितंबर तक शेर–ए–कश्मीर इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस चैंपियनशिप का आयोजन भारतीय खेल मंत्रालय और एशियाई पेनकैक सिलाट महासंघ द्वारा जम्मू और कश्मीर प्रशासन के सहयोग से किया गया था, जिसमें 11 देशों के 300 एथलीटों ने भाग लिया। एंजेल एलेटा ने उनचालीस किलोग्राम से तैंतालीस किलोग्राम भार वर्ग में टैंडिंग श्रेणी में प्रतिस्पर्धा की और कांस्य पदक जीता, जिससे वह अंडमान से भारत के लिए पदक लाने वाली पहली खिलाड़ी बन गई। इस उपलब्धि के लिए पेनकैक सिलाट एसोसिएशन की ओर से पेनकैक सिलाट मार्शल आर्ट्स के प्रशिक्षक शिहान एम. एस. मुरुगन और इंजीनियर लोगार्जुन के समर्पित प्रयास की सराहना की गई।

<><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग एक पाली में संयुक्त स्नातक स्तरीय टायर—एक दो हजार पच्चीस की पुनः परीक्षा आयोजित करने जा रहा है अब यह परीक्षा चौदह अक्टूबर को दोपहर बारह बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के ई—प्रवेश पत्र निर्धारित परीक्षा तिथि से तीन से चार दिन पहले आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए जाएँगे।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के खेल एवं शिक्षा निदेशालय की ओर से वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। यह टूर्नामेंट सोलह से बीस अक्टूबर तक ए पी डब्ल्यू डी के वॉलीबॉल एरिना, हटबे, लिटिल अंडमान में आयोजित होगा। इस आयोजन में दो श्रेणियों – पुरुष और महिला टीम – में प्रतियोगिताएँ होंगी। प्रत्येक श्रेणी में विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की जाएँगी। इस टूर्नामेन्ट में भाग लेने के लिए इच्छुक टीम और खिलाड़ी बारह अक्टूबर शाम पांच बजे तक अपने नाम पंजीकृत करा सकते है। मैच प्रतिदिन दोपहर तीन बजे शुरू होगा। पंजीकरण और अधिक जानकारी के लिए प्रशासन के सहायक पर्यवेक्षक से सम्पर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

इन्टर स्कूल अंडर—17 लड़के और लड़कियों के फाइनल कबड्डी नॉकआउट टूर्नामेंट का आज आयोजन किया गया। लड़कों के फाइनल मैच में प्रातरापुर स्कूल ने स्कूल लाइन स्कूल को पराजित किया जबकि लड़कियों के फाइनल मैच में वी के वी नगरपालिका रांची टेकरी ने गर्ल्स स्कूल को पराजित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सहायक पर्यवेक्षक गणेश चन्द्र बिस्वास मुख्य अतिथि थे और सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षा शिक्षक के. वीरास्वामी तथा कबड्डी के राष्ट्रीय रेफरी सम्मानीय अतिथि थे। विजेता खिलाड़ियों को पदक, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी वितरित किए गए।

<><><><><><><>

ब्रिचगंज स्थित चिन्थे लॉन्ग रेंज में तेरह अक्टूबर को सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। स्थानीय लोगों, वाहनों और पशुओं को इस दौरान क्षेत्र में प्रवेश न करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>